04 तीन अप्रैल से बंद हो जाएगी गंज अंडरब्रिज से लोगों...



05 ग्रामीण क्षेत्र में स्थित कान्हा सिटी कॉलोनी में बिजली...



## खबर संक्षेप

### अग्निवीर भर्ती के लिए पंजीकरण 10 तक होंगे

**नर्मदापुरम।** अग्निपथ योजना के अंतर्गत भर्ती वर्ष 2027 के लिए अग्निवीर भर्ती हेतु चयन परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। ऑनलाइन पंजीकरण की पूर्व में तिथियां 13 फरवरी से 01 अप्रैल तक निर्धारित की गई थी, जिसे बढाकर 10 अप्रैल 2026 तक कर दी गई है। ऑनलाइन परीक्षा की संभावित तिथियाँ 01 जून से 15 जून 2026 हैं। आवेदन बैतूल, भोपाल, छिंदवाड़ा, दमोह, गुना हरदा, नर्मदापुरम, नरसिंहपुर, पांढुर्ना सहित प्रदेश के विभिन्न जिले के स्थायी निवासी अविवाहित पुरूष अभ्यर्थियों से आमंत्रित किए गए हैं।

### 7760 बालिकाओं को लगा निःशुल्क टीका

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 28 फरवरी से संचालित सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु एचपीवी टीकाकरण अभियान में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। अभियान के अंतर्गत 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वयं को सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है।


## 15 दिन चले इलाज के बाद बच्ची की हुई मौत, पुलिस ने किया खुलासा

# दूसरी शादी की चाह में कलयुगी मां ने 8 साल की मासूम को ट्रेन के आगे फेंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम/इटारसी

नर्मदापुरम रेलवे स्टेशन पर अपनी 8 साल की मासूम बेटी को चलती ट्रेन के आगे फेंकने वाली कलयुगी मां की क्रूरता का अंत बच्ची की दर्दनाक मौत के साथ हो गया। 15 दिन तक भोपाल के अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच झूलने के बाद मासूम 'युविका' ने आखिरकार दम तोड़ दिया। जीआरपी पुलिस ने आरोपी मां को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया है। मामले के खुलासे ने रिश्तों और ममता को तार-तार कर दिया है। जीआरपी थाना प्रभारी संजय चौकसे के अनुसार, मालाखेड़ी के पीक एवेन्यू में रहने वाली आरोपी महिला अंजू राजपूत 17 मार्च की रात करीब 8 बजे अपनी 8 वर्षीय बेटी युविका को लेकर रेलवे स्टेशन पहुंची थी। काफी देर तक वह बच्ची को लेकर प्लेटफॉर्म पर घूमती रही। इसके बाद जैसे ही तमिलनाडु एक्सप्रेस स्टेशन से गुजरी, उसने अपनी ही बेटी को मौत के मुंह में धकेल दिया।

शहर में चर्चित अपनी ही बेटी को ट्रेन के आगे फैंकने के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी महिला दूसरी शादी करना चाहती थी इसलिए उसने घटना को अंजाम दिया।



### मासूम का भोपाल में 15 दिनों तक चला इलाज, नहीं बच सकी जान

ट्रेन की चपेट में आने से युविका की कमर और कंधे पर गंभीर चोटें आई थीं और अत्यधिक खून बह गया था। गंभीर हालत में उसे पहले नर्मदापुरम जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से नाजुक स्थिति देखते हुए भोपाल रेफर कर दिया गया। भोपाल में सर्जरी के बाद से ही उसका इलाज चल रहा था, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका।

### जनहित में 'हरिभूमि' का सवाल

यह घटना समाज के लिए एक बड़ा आईना है कि कैसे निजी स्वार्थ और अंधी चाहत इंसान को इतना अंधा कर देती है कि वह जन्म देने वाली मां से एक कातिल में तब्दील हो जाती है। मासूम युविका तो दुनिया से चली गई, लेकिन यह घटना व्यवस्था और समाज की संवेदनाओं पर कई गंभीर सवाल छोड़ गई है।

### लोको पायलट ने की पुष्टि, साक्ष्यों ने खोली पोल

यह पूरी खौफनाक वारदात स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। घटना के दूसरे दिन ट्रेन के चालक ने भी अपने बयान में स्पष्ट किया था कि महिला ने खुद बच्ची को ट्रेन के सामने धक्का दिया था। शुरुआती पूछताछ में आरोपी मां पुलिस को गुमराह करती रही और घटना से इनकार करती रही, लेकिन सीसीटीवी फुटेज और साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। सबसे ज्यादा झकझोर देने वाली बात यह सामने आई कि जब लोग लहूलुहान बच्ची की जान बचाने दौड़े, तो निर्दयी मां ने उनसे कहा- इसे क्यों बचाया, अब जाने ही दो।

### रोड़ा लग रही थी बच्ची, रची मौत की साजिश

पुलिस की कड़ी पूछताछ में आरोपी अंजू राजपूत ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। उसने बताया कि उसके पति की कुछ समय पहले एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। पति की मौत के बाद उसे कृषि विभाग में अनुकंपा नियुक्ति मिल गई थी। आरोपी महिला अब अपना नया घर बसाने के लिए दूसरी शादी करना चाहती थी, लेकिन उसे महसूस हो रहा था कि बच्ची उसकी दूसरी शादी में परेशानी बन रही हैं। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि इस घटना से पहले भी आरोपी महिला अपने बच्चों को मारने के इरादे से कई बार रेलवे स्टेशन लेकर गई थी, लेकिन उस समय वह वारदात को अंजाम देने की हिम्मत नहीं जुटा पाई थी।

## ओवरब्रिज पर कार चालक ने कई वाहनों को मारी टक्कर

### मौके पर गिरी राजस्थान नंबर की प्लेट




हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर के मुख्य ओवरब्रिज पर बीती देर रात एक अनियंत्रित कार चालक ने जमकर उत्पात मचाया। राजस्थान पासिंग नंबर की एक कार ने ब्रिज पर खड़े और चल रहे करीब आधा दर्जन दुपहिया वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार चालक अत्यधिक नशे में था और दुर्घटना के बाद मौके से तेजी से फरार हो गया। हालांकि, हड़बड़ाहट में कार की नंबर प्लेट मौके पर ही गिर गई, जिससे पुलिस को अहम सुराग हाथ लगा है।

### तेज रफ्तार और लापरवाही का मंजर

घटना 30 मार्च की रात की है। बताया जा रहा है कि राजस्थान नंबर आरजे 13 सीएफ 9947 की एक सफेद रंग की कार तेजी और लापरवाही पूर्वक ओवरब्रिज पर आई। कार चालक ने वहां खड़े करीब 6 वाहनों को एक के बाद एक टक्कर मार दी। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन वाहनों को काफी नुकसान पहुंचा है।

### गांधी नगर निवासी की बाइक क्षतिग्रस्त

इस मामले में पुलिस के पास फिलहाल एक फरियादी ने लिखित शिकायत दर्ज कराई है। गांधी नगर, इटारसी निवासी राजीव पिता मुरली लुटारे 40 वर्ष ने बताया कि कार चालक ने उनकी खड़ी बाइक को इतनी जोरदार टक्कर मारी कि बाइक का हेडलाइट, मास्क, शॉकअप और टायर पूरी तरह टूट गए। फरियादी के अनुसार, इस दुर्घटना में उन्हें लगभग 7,000 रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है।

पुलिस ने इस मामले में तत्परता दिखाते हुए घटना के कुछ घंटों बाद यानी 31 मार्च की रात 12:11 बजे मामला दर्ज कर लिया है। हादसे के बाद जब कार चालक भागने की कोशिश कर रहा था, तब उसकी कार की नंबर प्लेट टूटकर वहीं गिर गई। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर काफी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि रात के समय ओवरब्रिज पर नशेड़ी वाहन चालकों की वजह से आए दिन हादसे का डर बना रहता है।

## स्वास्थ्य सभापति की सख्ती, शव वाहन सुधारने फायर ब्रिगेड को 24 घंटे अलर्ट रहने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर की स्वास्थ्य और आपातकालीन सेवाओं को दुरुस्त करने के लिए नगर पालिका स्वास्थ्य सभापति राकेश जाधव ने कड़ा रुख अपनाया है। मंगलवार को नगरपालिका गैराज का औचक निरीक्षण करते हुए उन्होंने महीनों से खराब पड़े शव वाहन को लेकर नाराजी जताई और सीएमओ को इसे तत्काल प्राथमिकता के आधार पर ठीक कराने के निर्देश दिए।

### प्रमुख निर्देश

**शव वाहन :** मांग के अनुसार वाहन की उपलब्धता अनिवार्य, लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

**फायर ब्रिगेड अलर्ट :** नरवाई की घटनाओं के मद्देनजर फायर ब्रिगेड को 24 घंटे अलर्ट रहने कहा गया।



**संसाधन :** सभी गाडि़यां अपडेट रखने और ड्राइवरों को सुरक्षा उपकरण मुहैया कराने के निर्देश।

सभापति ने नागरिकों से अपील की है कि आगजनी या आपात स्थिति में तुरंत सूचित करें। इसके लिए उन्होंने स्वयं (9827084888), स्वदेश महोरिया (9098358544) और मोहन कंडारे (7000815890) के नंबर जारी किए हैं।

## आज पुस्तक मेले में उचित मूल्य पर मिलेंगे पुस्तकें, स्टेशनरी, यूनिफार्म और स्कूल बैग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 में विद्यार्थियों द्वारा खरीदी जाने वाली पुस्तकें, स्टेशनरी, यूनिफार्म, शूज, स्कूल बैग आदि उचित मूल्य पर सुलभ कराये जाने पुस्तक मेले का आयोजन 1 अप्रैल से शासकीय एस एस एन जी स्कूल में किया जाएगा।

इस दौरान पुस्तकें, स्टेशनरी, यूनिफार्म, शूज स्कूल बैग आदि उचित मूल्य पर सुलभ कराये जाने के संबध में निर्देश जारी किये गये है। प्रत्येक विकास खण्ड के मुख्यालय स्तर पर व्यवस्थित पुस्तक मेले का आयोजन आज से 7 अप्रैल तक लगेगा। विद्यार्थियों एवं इनके पालकों को उचित मूल्य पर सुलभ कराये जाने हेतु व्यवस्थित रूप से योजना बनाकर पुस्तक मेले का आयोजन किया जा रहा है। निजी विद्यालय प्रबंधन द्वारा छात्र या अभिभावकों को पुस्तकें, यूनिफार्म, टाई, जूते, कापी, आदि केवल चयनित विक्रेताओं से खरीदी करने के लिये औपचारिक अथवा अनौपचारिक, किसी भी रूप से बाध्य नहीं किया जायेगा। जिला स्तरीय पुस्तक मेले के नोडल अधिकारी जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र जिला नर्मदापुरम संयुक्त रूप से होगें।

जिला स्तरीय पुस्तक मेले की व्यवस्था सहायक नोडल अधिकारी एडीपीसी कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी नर्मदापुरम, प्राचार्य शासकीय एसएनजी उमा वि नर्मदापुरम, प्राचार्य उ मा वि रोहना, प्राचार्य एसपी एम उ मा वि नर्मदापुरम, प्राचार्य कन्या उ मा वि नर्मदापुरम एवं प्राचार्य कन्या उमा वि जुमेराती नर्मदापुरम को नियुक्त किया गया है।

### विक्टोरियस कप का आज होगा शुभांरभ

**नर्मदापुरम।** अंडर 14 प्लेयर्स के लिए एक लेदर बॉल का टूर्नामेंट का आयोजन विक्टोरियस क्रिकेट क्लब द्वारा किया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता स्वर्गीय पं.चंद्र मोहन अग्निहोत्री, स्व. एडवोकेट नीरज पाठक एवं स्व.एडवोकेट आनंद दुबे की पावन स्मृति में आयोजित होगी। विक्टोरियस के अध्यक्ष अधिवक्ता दीपक तिवारी ने बताया विक्टोरियस क्लब द्वारा अंडर 14 गर्ल्स एंड बॉयस के लिए एक लेदर बॉल का लीग मैच पद्धति के आधार पर टूर्नामेंट करवाया जा रहा है जो दिनांक 1 अप्रैल से शुरू होकर 10 अप्रैल तक अग्निहोत्री गार्डन में खेला जाएगा जिसमें 8 टीम में भाग लेंगी। विक्टोरियस क्लब के कोच सौरभ चौरसिया ने जानकारी देते हुए कहा कि यह टूर्नामेंट रंगीन ड्रेस में होगा जिसमें आईपीएल की तर्ज पर इंपैक्ट प्लेयर नियम भी लागू होगा।

## गेहूं खरीदी 10 अप्रैल से होगी, तारीख बढ़ने पर 'सियासी' उबाल, कांग्रेस ने सरकार को घेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के संबंध में शासन ने पहले से प्रस्तावित 1 अप्रैल की तारीख को बढ़ाकर अब 10 अप्रैल कर दिया है। जहां प्रशासन बारदानों की कमी और भंडारण को चुनौती मान रहा है, वहीं कांग्रेस ने इस देरी को किसानों के खिलाफ 'कुचक्र' करार दिया है।

### पंजीयन का गणित और खरीदी का लक्ष्य

इस वर्ष जिले में कुल 77,121 किसानों ने पंजीयन कराया है, जो पिछले साल से 4 हजार अधिक है। सरकार 2625 रुपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूं खरीदेगी। कलेक्टर सोनिया



मीना ने सभी 142 केंद्रों पर पेयजल, बायोमेट्रिक डिवाइस और छाया जैसी सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। खरीदी की तारीख आगे बढने पर प्रदेश कांग्रेस महासचिव राजकुमार केलू उपाध्याय और जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष विजय बाबू चौधरी ने संयुक्त बयान जारी कर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार पिछले दरवाजे से एमएसपी खत्म करने की साजिश कर रही है। पेचीदगी बढ़ाना और खरीदी टारगेट घटाना किसानों के साथ षड्यंत्र है। तारीख पर तारीख बढने से किसान हैरान-परेशान है।

जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष विजय बाबू चौधरी ने कहा कि आज जब फसल खलिहानों में खुले में पड़ी है और मौसम विभाग ओलावृष्टि की चेतावनी दे रहा है, तब सरकार ने किसानों को लाचार छोड़ दिया है। 30 मार्च से शुरू होने वाली खरीदी को अब 10-15 अप्रैल तक खींचना दुर्भाग्यपूर्ण है। एक तरफ किसान मौसम की मार से डरा हुआ है, तो दूसरी तरफ देरी से शुरू हो रही सरकारी खरीदी और राजनीतिक बयानबाजी ने जिले के कृषि गलियारों में हलचल तेज कर दी है।

## श्रीमद् भागवत कथा में मनाया भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर के सेठानी घाट स्थित बांके बिहारी मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। भागवताचार्य पंडित अरुण तिवारी के मुखारविंद से भगवान श्री कृष्ण के सारगर्भित प्रसंगों का वर्णन हो रहा है। इसके साथ ही कथा से जुड़े अन्य प्रसंग से भी श्रद्धालु मंत्र मुग्ध हो रहे हैं। कथा व्यास पंडित तिवारी ने कहा कि भगवान का नाम ही सबसे बड़ा होता है। कथा के दौरान भक्त प्रहलाद के प्रति भगवान के प्रेम को प्रकट करने की कथा सुनाई। पंडित अरुण तिवारी ने बताया वामन अवतार में भगवान ने तीन पग में धरती नाप कर राजा के अहंकार को



दूर किया। भगवान भक्त के प्रेम में बस जाते हैं और भक्त का कल्याण करते हैं भगवान श्री कृष्ण का जन्म उत्सव मनाया गया।

## बारिश, हवा और ओलावृष्टि से हुए नुकसान को फसल मुआवजे दिलाने सांसद ने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

प्रदेश में हाल ही में हुई अत्यधिक ओलावृष्टि, भारी वर्षा और तेज हवाओं के कारण किसानों की तैयार रबी फसलों को हुए भारी नुकसान का मुद्दा राज्यसभा में गूंजा।

मध्य प्रदेश से राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने सदन और सरकार का ध्यान प्रदेश के गंभीर कृषि संकट की ओर आकर्षित किया। सांसद नारोलिया ने सदन में बताया कि प्रदेश के लगभग 25 जिले, विशेष रूप से उज्जैन, धार, रतलाम और शाजापुर में गेहूं और अन्य रबी की फसलें पूरी तरह तबाह हो गई हैं। उन्होंने भावुक होते हुए कहा,




कटाई के इस चरम समय पर गेहूं की फसल गिरने और दानों के झड़ने से किसानों की साल भर की मेहनत पर पानी फिर गया है।

फसल के साथ-साथ सिंचाई पाइप और भंडारण जैसी कृषि संपत्तियों को भी भारी क्षति पहुंची है। किसानों की चिंता साझा करते हुए श्रीमती नारोलिया ने सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की और निम्नलिखित मुख्य सुझाव रखे। उन्होंने कहा कि जिलावार क्षति का सटीक सर्वे कर रिपोर्ट पूर्ण करने की समय-सीमा तय की जाए। प्रभावित क्षेत्रों में अतिरिक्त केंद्रीय सहायता प्रदान की जाए। 'प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना' के तहत सरलीकृत दस्तावेजीकरण के साथ किसानों को समय पर मुआवजा सुनिश्चित हो।

## शहर के सुशील शर्मा बने वरिष्ठ नागरिक मंच के अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

गोठी धर्मशाला में वरिष्ठ नागरिक मंच के सत्र 2026-27 के लिए नवीन कार्यकारिणी का निर्वाचन संपन्न हुआ। निर्वाचन अधिकारी मुरली मनोहर दीक्षित के कुशल मार्गदर्शन में सर्वसम्मति से नई टीम का गठन किया गया, जिसमें सुशील शर्मा को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। अन्य प्रमुख पदों पर सीपी ठाकुर को उपाध्यक्ष, सुरेश कुमार रघुवंशी को सचिव, अरुण मेहतो को सहसचिव और एनपी चिमानिया को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में डॉ. ज्ञानेंद्र पांडे, डॉ. केएस उप्पल, डॉ. केसी साहू, डॉ. विनोद कुमार सीरिया, सुधीर गोठी, अशोक सक्सेना, राजकुमार दुबे, एनआर अग्रवाल, उषा चिमानिया, टीआर चौलकर और सुरेंद्र सिंह तोमर निर्वाचित हुए। निवर्तमान अध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार सीरिया ने नई टीम को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।

## 16 प्रहर अखंड श्रीहरि नाम संकीर्तन का हुआ समापन

# हरे रामा-हरे कृष्णा की गूंज से भक्तिमय हुई कॉलोनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

भक्ति, आस्था और परंपरा का अद्भुत संगम इन दिनों शहर की बंगाली कॉलोनी में देखने को मिला। रामनवमी के पावन उपलक्ष्य में आयोजित '16 प्रहर अखंड श्री हरि नाम संकीर्तन' का सोमवार को भव्य नगर कीर्तन और गुलाल की होली के साथ भावपूर्ण समापन हुआ। आयोजन के 35वें वर्ष में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था।

### तीन दिनों तक गूंजता रहा महामंत्र

इस आध्यात्मिक अनुष्ठान की शुरुआत 27 मार्च को विशेष 'अधिवास' पूजन के साथ हुई थी।




शनिवार, 28 मार्च की सुबह 6 बजे से अखंड हरिनाम संकीर्तन का शंखनाद हुआ, जो बिना रुके सोमवार सुबह 6 बजे तक अनवरत चलता रहा। 48 घंटों तक 'हरे रामाङ्क हरे कृष्णाङ्क' के महामंत्र से पूरी कॉलोनी गुंजायमान रही, जिससे वातावरण पूरी तरह सात्विक और दिव्य हो गया। बंगाली समाज आयोजन समिति के तत्वावधान में आयोजित इस संकीर्तन में दूर-दराज से आई प्रसिद्ध भजन मंडलियों ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। मुख्य रूप से श्री राधा गोविन्द सम्प्रदाय आमडोह, श्री शिव सम्प्रदाय शिवसागर, श्री मध्यगौरिय सम्प्रदाय शांतिपुर, श्री विन्देदेवी सम्प्रदाय दुर्गापुर, श्री सत्यहरि सम्प्रदाय पहाड़पुर शामिल रहीं। इन मंडलियों के कलाकारों ने पारंपरिक वाद्य यंत्रों की थाप पर जब नृत्य करते हुए संकीर्तन किया, तो उपस्थित श्रद्धालु भी खुद को थिरकने से नहीं रोक पाए।

### नगर कीर्तन में उड़ा गुलाल

सोमवार शाम 7 बजे से भव्य नगर कीर्तन निकाला। यह इस आयोजन का मुख्य आकर्षण रहा। कीर्तन मंडली के साथ चल रहे श्रद्धालु भक्ति में सराबोर होकर एक-दूसरे पर गुलाल उड़ा रहे थे। मानो पूरा शहर ब्रज की होली के रंग में रंग गया हो। मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर नगर कीर्तन का स्वागत किया गया। संकीर्तन की पूर्णाहुति के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

## जनसुनवाई में आई शिकायतों का एसपी ने किया निराकरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

एसपी साई कृष्णा द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में साप्ताहिक जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में एसपी ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की शिकायतें सुनी। जनसुनवाई के दौरान 20 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें मुख्य रूप से चोरी, वित्तीय धोखाधड़ी, मारपीट एवं महिला संबंधी प्रकरण शामिल थे। एसपी ने हर शिकायत को सुनते हुए संबंधित अनुविभागीय अधिकारी एवं थाना प्रभारियों को मौके पर ही त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करना, पुलिस-जन संवाद को मजबूत बनाना, नागरिकों को न्याय दिलाना तथा पुलिस प्रशासन में विश्वास बनाए रखना पुलिस विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनसुनवाई कार्यक्रम प्रत्येक मंगलवार को एसपी कार्यालय नर्मदापुरम में नियमित रूप से आयोजित किया।

**खबर संक्षेप**

## घायल युवक ने जिला अस्पताल में तोड़ा दम

**बैतूल।** नेशनल हाईवे पर बरेठा घाट में सोमवार दोपहर हुए सडक़ हादसे में घायल युवक ने भी जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया। दरअसल इस हादसे में भैयालाल पंद्रम (22) गंभीर रूप से घायल हो गये थे। जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया था, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार, सोमवार दोपहर करीब 2 बजे बरेठा घाट के पहले मोड़ पर एक बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। हादसे के समय दोनों युवक सिंगार चावड़ी गांव से बकतरा जा रहे थे। इस दुर्घटना में गुम्मा ढाणा निवासी जगदीश नर्रे की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि भैयालाल गंभीर रूप से घायल हो गए थे। हादसे में भैयालाल के दाहिने पैर की फीमर बोन टूट गई थी और चेहरे पर भी गंभीर चोटें आई थीं। उन्हें 108 एम्बुलेंस से शाहपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल बैतूल रेफर किया गया। आईसीयू में इलाज के दौरान मंगलवार को उनकी मौत हो गई। सोमवार को जगदीश का पोस्टमार्टम शाहपुर में कर शव परिजनों को सौंप दिया गया था। भैयालाल के शव का भी पोस्टमार्टम किया जा रहा है। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है और मामले की जांच जारी है।

## बरखेड़ा सोमा में 35 वर्षों से निःशुल्क नस रोग उपचार

**भौंरा।** ग्राम बरखेड़ा सोमा में पिछले लगभग 35 वर्षों से नस संबंधित बीमारियों का निःशुल्क उपचार किया जा रहा है। यहां कमल नागर द्वारा घुटने, कमर और अन्य नसों से जुड़ी समस्याओं का इलाज बिना किसी शुल्क के किया जाता है, जिससे दूर-दराज क्षेत्रों के मरीजों को बड़ी राहत मिल रही है। बताया जाता है कि यहां प्रतिदिन करीब 400 से 500 मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। मरीजों की अधिक संख्या को देखते हुए टोकन व्यवस्था के माध्यम से नंबर दिया जाता है और सुबह से शाम तक निरंतर उपचार किया जाता है। गुरुवार के दिन अवकाश रहता है। इस सेवा के कारण बरखेड़ा सोमा अब एक पहचान बना चुका है, जहां न केवल आसपास के जिलों बल्कि देश-विदेश से भी लोग इलाज कराने पहुंच रहे हैं। कमल नागर के पास कई बड़े नेता और वरिष्ठ अधिकारी भी उपचार के लिए आ चुके हैं। उनके इस कार्य के लिए उन्हें विभिन्न सम्मान पत्रों से भी नवाजा जा चुका है। कमल नागर का पूरा परिवार भी इस सेवा कार्य में सक्रिय रूप से सहयोग करता है, जिसे क्षेत्र में एक प्रेरणादायक पहल के रूप में देखा जा रहा है। कमल नागर ने बताया कि उनके पास आने वाले कई मरीज दर्द से व्याकुल होकर आते हैं,लेकिन यहां से राहत पाकर मुस्कुराते हुए जाते हैं।

## फरार बदमाश बोरदेही में गिरफ्तार

**बैतूल।** बोरदेही पुलिस ने चोरी के एक मामले में कार्रवाई करते हुए एक आदतन अपराधी को गिरफ्तार किया है। यह आरोपी बैतूल के गंज थाना क्षेत्र का निगरानी बदमाश है, जिसके खिलाफ पहले से 18 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 30 मार्च को नरेरा निवासी अभिराम कुमरे ने शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि उनके सूने मकान से 20 हजार रुपये चोरी हो गए थे। इस शिकायत के आधार पर बोरदेही थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। थाना प्रभारी राधेश्याम बट्टी ने एक विशेष टीम का गठन किया और आरोपी की तलाश शुरू की। मुखबिर की सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने 31 मार्च को आरोपी अमन उर्फ चमन (26) को गिरफ्तार कर लिया। अमन चुन्नीढाना, गंज का निवासी है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी अमन के खिलाफ जिले के विभिन्न थानों में चोरी, नकबजनी, मारपीट, छेड़छाड़ और आर्म्स एक्ट सहित कुल 18 मामले दर्ज हैं। वह संपत्ति संबंधी अपराधों का आदतन अपराधी है और गंज थाने का निगरानी बदमाश भी है। पुलिस ने आरोपी से चोरी की गई राशि में से 2 हजार रुपये बरामद किए हैं। इस मामले में एक अन्य आरोपी रोसू उर्फ बारीक अभी फरार है, जिसकी तलाश जारी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी राधेश्याम बट्टी और उनकी पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### वाहन चालकों को लगाना होगा लंबा फेरा

# तीन अप्रैल से बंद हो जाएगी गंज अंडरब्रिज से लोगों की आवाजाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



शहर का महत्वपूर्ण अंडरब्रिज अब 45 दिनों के लिए बंद रहेगा। रेलवे की थर्ड लाइन निर्माण परियोजना के तहत यह बदलाव किया गया है। इससे वाहन चालकों की परेशानियां बढ़ जायेगी। चूकि अंडरब्रिज बंद होने से वाहन चालकों को गंज पहुंचने के लिए लंबा फेर लगाना होगा, यानि ओवरब्रिज से गेंदा चौक, कारगिल चौक होते हुए गंज पहुंचना पड़ेगा। इससे समय भी अधिक लगेगा। बता दें कि इसके पूर्व अंडरब्रिज वाली सडक़ के निर्माण के चलते यहां 6 से 7 महीने तक लोगों को आवाजाही संबंधित परेशानियों का सामना करना पड़ा। अब आवाजाही शुरू हुई ही थी कि तीसरी लाइन के लिए अंडरब्रिज से डेढ़ महीने तक आवाजाही बंद की जा रही है। मध्य रेल, बैतूल के निर्माण विभाग द्वारा जारी सूचना के अनुसार, बैतूल रेलवे स्टेशन के इटारसी छोर पर रेलवे किलोमीटर 850/41-43 के बीच स्थित अंडरपास में तीसरी लाइन के निर्माण के लिए इसकी लंबाई बढ़ाई जाएगी। इस निर्माण कार्य की कुल अवधि लगभग 45 दिन निर्धारित की गई है, जिसमें लगभग एक माह निर्माण कार्य और 15 दिन तराई के लिए रखे गए हैं। नागपुर रेल मंडल के अधिकारी का कहना है कि इस संबंध में जानकारी मिली है। वैकल्पिक रूप से ट्रॉफिक ओवरब्रिज से डायवर्ट किया जायेगा। इस संबंध में निर्माण कार्य की मॉनीटरिंग कर रहे रेलवे के एडीईएन सोनल बेसेकर के मोबाइल पर लगातार संपर्क करने का प्रयास किया गया, परंतु उनका मोबाइल आउटऑफ कवरेज बताता रहा।

### लोगों को फिर काटना होगा लंबा फेरा

45 दिनों तक अंडरब्रिज से आवाजाही बंद होने के कारण लोगों को फिर खासी परेशानी उठानी होगी। सडक़ निर्माण के चलते पहले भी लोग महीनों तक परेशानी उठा चुके है, अब एक बार फिर यही परेशानी लोगों को उठाने को मजबूर होना पड़ेगा। इसके अलावा गंतव्य तक जाने के लिए खासा लंबा फेरा भी काटना होगा। इस अंडरब्रिज से रोजाना 10 हजार वाहन चालक गुजरते हैं। शहर में आने और शहर से इस ओर जाने वाले वाहनों को अब 3 किलोमीटर का फेरा लगाकर ओवरब्रिज से आना-जाना होगा। इसी तरह एक अप्रैल से स्कूल भी शुरू हो जाएंगे। ऐसे में रामनगर, गर्गकॉलोनी के बच्चों को भी प्रतिदिन 3 किलोमीटर का फेरा लगाकर सदर ओवरब्रिज से आना-जाना होगा। अंडरब्रिज मार्ग बंद किये जाने को लेकर नागपुर रेल मंडल के अधिकारियों का कहना है कि हमारे पास अभी इस संबंध में कोई जानकारी नहीं आई है। बैतूल के अधिकारियों से चर्चा करने के बाद ही कुछ बता पायेगे।

### धार्मिक कार्यक्रम की जगह से 3 अप्रैल से होगा काम

बताया जा रहा है कि पहले यह कार्य 1 अप्रैल यानि आज से प्रस्तावित था, लेकिन स्थानीय धार्मिक आयोजनों के कारण इसे 3 अप्रैल 2026 से लागू किया जाएगा। पूर्व मुख्य यातायात निरीक्षक अशोक कटारे ने बताया कि पहले यह कार्य 1 अप्रैल से शुरू होना था। हालांकि, गर्ग कॉलोनी और रामनगर क्षेत्र में हनुमान जयंती तथा शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा/स्थापना जैसे धार्मिक कार्यक्रमों और संभावित भीड़भाड़ को देखते हुए जनसुविधा के लिए कार्य की तिथि में परिवर्तन किया गया है। इस 45 दिवसीय अवधि के दौरान, अंडर ब्रिज से गुजरने वाले सभी सडक यातायात को वैकल्पिक मार्गों से संचालित किया जाएगा। प्रशासन और रेलवे विभाग ने आम जनता से अपील की है कि वे असुविधा से बचने और यातायात सुचारु बनाए रखने के लिए इन वैकल्पिक रास्तों का उपयोग करें।

### डेढ़ महीने में काम पूरा होने पर संशय

रेलवे द्वारा भले ही यह काम 45 दिनों में पूरा कर लिए जाने की बात कही जा रही है, लेकिन जानकारों का कहना है कि इतने समय में इतना बड़ा काम पूरा हो पाना संभव ही नहीं है। क्योंकि इससे पहले अंडरब्रिज वाली सडक़ एक ओर ही बनने में 6 से 7 महीने लग गए। इस सडक़ निर्माण के दौरान मध्य रेल बैतूल के सहायक मंडल इंजीनियर कार्यालय से गंज अंडरब्रिज से भारी वाहनों की नो एंट्री के तीन आदेश जारी किये गये थे। बताया जा रहा है कि पहले आदेश में 24 सितम्बर तक भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई थी। 26 अक्टूबर के पहले दूसरा आदेश जारी किया गया, जिसमें 27 अक्टूबर से 26 नवम्बर तक भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित किया। 26 नवम्बर के पूर्व तीसरा आदेश आया है जिसमें 27 नवम्बर से 26 दिसम्बर तक भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई गई थी। ऐसे में इतना बढ़ा काम डेढ़ महीने में पूरा होने पर जानकार संशय जता रहे है।

### जलकुंभी निकालकर घाट की सफाई

## जल गंगा अभियान के तहत छठ घाट पर श्रमदान कर की सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारनी



जल गंगा संवर्धन अभियान के तीसरे चरण के जलस्त्रोतों के संरक्षण हेतु नगरीय क्षेत्र में सतत अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत मंगलवार 31 मार्च को सुबह छठ पूजा घाट पर श्रमदान कर सफाई की गई। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी. के. मेश्राम ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय भोपाल एवं कलेक्टर बैतूल के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान 19 मार्च से प्रारंभ किया गया। इस दौरान नगर पालिका द्वारा विभिन्न जलस्त्रोतों की सफाइ की जा रही है। अभियान के तहत चरणबद्ध तरीके से सार्वजनिक जलस्त्रोतों की सफाई की जाएगी। मंगलवार 31 मार्च को छठ पूजा घाट पर श्रमदान कर सफाई की गई। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, पार्षद भीम बहादुर थापा, गणेश महस्की, प्रवीण सोनी, उपयंत्री कमलेश पटेल, स्वच्छता निरीक्षक केके भावसार, गुरूस्वामी एरूलू, संदीप झपाटे के अलावा अन्य लोगों ने श्रमदान किया। घाट के किनारे सफाई की गई। जबकि पानी से जलकुंभी निकाली गई। अभियान के तहत 3 अप्रैल को वार्ड 10 दमुआ नाका कुआं की सफाई की जाएगी। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने समस्त आम नागरिकों, धार्मिक, सामाजिक एवं स्वयं सेवी संगठनों से उक्त अभियान से जुडऩे का आव्हान किया है।

## छह एल्डरमैन नियुक्त, अधिकारी और कर्मचारियों ने किया स्वागत



**सारनी।** नगर पालिका परिषद सारनी में नव नियुक्त सभी छह एल्डरमैनों का स्वागत एवं सम्मान कार्यक्रम मंगलवार 31 मार्च को आयोजित किया गया। कार्यक्रम नगर पालिका सभाकक्ष में दोपहर 1 बजे से आयोजित किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, उपाध्यक्ष जगदीश पवार, विधायक प्रतिनिधि सुधा चंद्रा, प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी हितेश शाक्य एवं पार्षदगणों की उपस्थिति में नव नियुक्त एल्डर मैन रमेश हारोडे, विनय मदने, रमेश पवार, सुनीता यादव, सरोज विश्वकर्मा, संजीत चौधरी का स्वागत, सम्मान किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष किशोर बरदे ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार एल्डर मैन की नियुक्ति की गई है। उन्होंने कहा शहर के विकास को नई दिशा मिलेगी साथ ही नए साथियों से विकास हेतु बेहतर एवं कारगर सुझाव मिलेंगे। इस अवसर पर पार्षद भीम बहादुर थापा, गणेश महस्की, योगेश बर्डे, प्रवीण सोनी, आकाश पंद्राम, बेबी बिंझाड़े, विधायक प्रतिनिधि देवेंद्र सोनी, गोलू राजपूत, नन्हें सिंह, अजय साकरे, रविंद्र पांसे, मुकेश यादव, सुखदेव वामनकर, राजू साहू, संदीप झपाटे, राहुल कापसे, सहायक लेखाधिकारी ब्रजेश नागर, उपयंत्री कमलेश पटेल, नितिन मीणा, केएल सोनारे, बीएल मरकाम उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन उपाध्यक्ष जगदीश पवार ने किया।

## भारत विकास परिषद, मां ताप्ती शाखा मुलताई का निर्वाचन संपन्न

### सर्वसम्मति से 2026-27 सत्र के लिए नई कार्यकारिणी घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई



मां ताप्ती शाखा, मुलताई की वर्ष 2026 की निर्वाचन प्रक्रिया प्रांतीय पर्यवेक्षक एवं प्रांत शाखा विस्तारक एवं समन्वयक राजीव खंडेलवाल के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। इस दौरान संगठन के सभी पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति एवं निर्विरोध रूप से किया गया, जो संगठन की एकजुटता और मजबूत नेतृत्व को दर्शाता है।

भारत विकास परिषद, संगठन से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को आयोजित भारत विकास परिषद, मां ताप्ती शाखा मुलताई बैठक में सेवा सत्र 2026-27 के लिए अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष सहित समस्त पदों पर पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई। इसमें प्रशांत भार्गव को पुनः अध्यक्ष चुना गया। उनके साथ उपाध्यक्ष के रूप में भारत भूषण चौधरी, सचिव कन्हैया सोनी एवं कोषाध्यक्ष संदीप भार्गव को जिम्मेदारी सौंपी गई। इसी प्रकार अन्य दायित्वों में महिला प्रमुख के रूप में माधुरी साबले, सहसचिव मुकेश जैन, सह-कोषाध्यक्ष संदीप तारे, संस्कार संयोजक राहुल भार्गव, संपर्क संयोजक रवि प्रकाश खडक़े, सेवा संयोजक दीपेश बोथरा एवं पर्यावरण संयोजक प्रवीण जैन को नियुक्त किया गया। विशेष दायित्वों में नेत्र शिविर प्रमुख डॉ. राजेंद्र ठाकुर, एनीमिया प्रमुख डॉ. संदीप बर्डे, ब्लड डोनेशन प्रमुख डॉ. अंकुश भार्गव, भारत को जानो प्रमुख राजेश्वर बुआड़े, राष्ट्रीय समूहगान प्रमुख मितेश गुलतकर, गुरु वंदन-छात्र अभिनंदन प्रमुख मनोज उइके, प्रचार प्रमुख गजानन कवडक़र, गरीबी उन्मूलन प्रमुख गिरीश मगरदे एवं मीडिया प्रमुख के रूप में प्रशांत भार्गव को नियुक्त किया गया। बैठक में परिषद के वरिष्ठ सदस्य तपन खंडेलवाल, देवेंद्र धोपाड़े, संदेश जैन, प्रांतीय संस्कार प्रमुख अभिषेक खंडेलवाल, जिला समन्वयक राजीव जैन, सी.एस. चंदेल (अध्यक्ष, अधिवक्ता संघ मुलताई) सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान संगठन के सभी सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई और पूरे कार्यक्रम को अनुशासित एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न किया। अंत में मां ताप्ती शाखा मुलताई के सभी सदस्यों एवं नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गईं।

## अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 10 अप्रैल

**बैतूल।** भारतीय सेना ने अग्निपथ योजना के अंतर्गत भर्ती वर्ष 2027 के लिए अग्निवीर पदों पर चयन के लिए अविवाहित पुरुष अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित तिथि के भीतर आवेदन कर सकते हैं। जारी सूचना के अनुसार ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया 13 फरवरी 2026 से शुरू है, जो 10 अप्रैल 2026 तक चलेगी। अभ्यर्थियों को आवेदन करने के लिए सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर पंजीकरण करना होगा। तिथियों में किसी भी प्रकार का बदलाव वेबसाइट के माध्यम से ही सूचित किया जाएगा। भर्ती प्रक्रिया के तहत ऑनलाइन परीक्षा का आयोजन 1 जून से 15 जून 2026 के बीच संभावित रूप से किया जाएगा। हालांकि परीक्षा की अंतिम तिथियों की आधिकारिक घोषणा बाद में की जाएगी। इस भर्ती में मध्य प्रदेश के भोपाल, बैतूल, छिंदवाड़ा, नर्मदापुरम, नरसिंहपुर, पांढुर्ना, राजगढ़, सिवनी और विदिशा सहित अन्य जिलों के अभ्यर्थी आवेदन कर सकेंगे।

## बैतूल में हनुमान जन्मोत्सव पर विशेष ट्रैफिक प्लान लागू होगा

### गंज क्षेत्र नो व्हीकल-नो पार्किंग जोन, नियम तोड़ने पर कार्रवाई होगी



**बैतूल।** हनुमान जन्मोत्सव के मद्देनजर जिला प्रशासन और पुलिस ने विशेष यातायात योजना लागू की है। 2 अप्रैल को होने वाले धार्मिक आयोजनों के दौरान कानून-व्यवस्था और सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के लिए यह व्यवस्था की गई है।

यातायात पुलिस के अनुसार, शहर के गंज क्षेत्र को शाम 4 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक नो व्हीकल और नो पार्किंग जोन घोषित किया गया है। इस अवधि में किसी भी वाहन के प्रवेश या पार्किंग की अनुमति नहीं होगी। प्रतिबंधित क्षेत्र में खड़े पाए गए वाहनों को टोइंग वैन से हटाया जाएगा और मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई की जाएगी। रथ यात्रा और अन्य धार्मिक आयोजनों के कारण भारी, मध्यम और ट्रैक्टर-ट्रॉली जैसे वाहनों का प्रवेश कई प्रमुख मार्गों पर प्रतिबंधित रहेगा। इनमें आंबेडकर चौक से कॉलेज चौक, बस स्टैंड होते हुए फांसी खदान मार्ग और राजा भोज चौक से गंज जाने वाला रास्ता शामिल है। शहर में यातायात दबाव को नियंत्रित करने के लिए कई स्थानों पर ट्रैफिक डायवर्जन लागू किया जाएगा। माचना ब्रिज, भगत सिंह चौक, कॉलेज चौक, गुप्ता मॉल, आभाश्री होटल और बाबू चौक जैसे प्रमुख बिंदुओं से वाहनों को वैकल्पिक मार्गों पर मोड़ा जाएगा। बडोरा और रामनगर अंडरब्रिज की ओर से आने वाले वाहनों के लिए भी अलग मार्ग निर्धारित किए गए हैं। गंज बस स्टैंड तक जाने वाली यात्री बसों को भगत सिंह चौक तक ही सीमित रखा जाएगा। रेलवे स्टेशन के दोनों प्लेटफॉर्म तक पहुंचने के लिए भी अलग-अलग मार्ग तय किए गए हैं। यातायात पुलिस ने नागरिकों से अपील की कि वे निर्धारित यातायात व्यवस्था का पालन करें और प्रशासन का सहयोग करें, ताकि हनुमान जन्मोत्सव का पर्व शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से हो सके।

### मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई

## पुलिस ने मोटर सायकल चोरी के आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई



पुलिस ने मोटर सायकल चोरी के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से वाहन भी बरामद कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 30 मार्च को प्रभात गश्त के दौरान नागपुर नाका क्षेत्र में पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति भूरी टी-शर्ट पहने हुए पट्टन रोड से मुलताई की ओर मोटर सायकल के साथ घूम रहा है एवं उसे बेचने की फिराक में है।

सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम द्वारा अमरावती रोड ब्रिज के पास घेराबंदी की गई। कुछ समय पश्चात मुखबिर के बताए हुलिये का व्यक्ति काले-स्लेटी रंग की हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटर सायकल (बिना नंबर प्लेट, सामने का मास्क टूटा हुआ) लेकर आता दिखाई दिया, जिसे रोककर पूछताछ की गई। पूछताछ में उसने अपना नाम गौरव पिता कवडु भलावी, उम्र 30 वर्ष, जाति गोंड, निवासी बरूड (महाराष्ट्र) बताया। वाहन के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत न कर पाने तथा नंबर प्लेट न होने के कारण वाहन चोरी का संदेह होने पर उक्त मोटर सायकल को मौके पर जब्त किया गया एवं आरोपी को अभिरक्षा में लेकर थाना लाया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 35(1) ड बीएनएसएस एवं धारा 305(बी) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। आरोपी से एक मोटर सायकल (हीरो स्प्लेंडर प्लस) अनुमानित कीमत 50,000 भी जब्त की है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र सिंह परिहार, प्रधान आरक्षक गजराज अजनेरिया, आरक्षक अरविंद पटेल एवं आरक्षक अजय की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### विपक्षी पार्षदों ने ट्रेंचिंग ग्राउंड, आउटसोर्स कर्मचारियों की नियुक्ति पर हंगामा

# नगर सरकार का 255 करोड़ का बजट पेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

नगरपालिका के विशेष सम्मेलन में वित्तीय वर्ष 2026-27 का करीब 255 करोड़ रुपए का बजट पेश किया गया। सम्मेलन में नगर पालिका अध्यक्ष पार्वती बारस्कर, उपाध्यक्ष महेश राठौर, नवागत सीएमओ नवनीत पांडे, पार्षद और अधिकारी की मौजूदगी रही। बाल मंदिर सभागृह में आयोजित सम्मेलन में कांग्रेसी पार्षदों की नाराजगी खुलकर नजर आई।




दरअसल नगरपालिका के विशेष सम्मेलन में वित्तीय वर्ष 2026-27 का करीब 255 करोड़ रुपए का बजट पेश किया गया। बजट में शहर के विकास, अधोसंरचना और मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने के कई दावे किए गए हैं। नपा द्वारा पेश किए गए बजट के अनुसार नगरपालिका की कुल अनुमानित आय 255 करोड़ 11 लाख रुपए रखी गई है, जबकि 254 करोड़ 63 लाख रुपए का व्यय प्रस्तावित है। बजट में करीब 48 लाख से अधिक की बचत भी दर्शाई गई है। इस अवसर पर नपा के नेता प्रतिपक्ष राजकुमार दीवान ने ट्रेचिंग ग्राउंड के मुद्दे पर नाराजगी जताई। उनका कहना था कि ट्रेचिंग ग्राउंड की बदबू से गौठाना के लोग परेशान हो रहे है, इसे दूसरी जगह शिफ्ट किया जाए। उनकी बातों का अन्य कांग्रेसी पार्षदों ने भी समर्थन किया। उन्होंने शास्त्री वार्ड में शौचालय शुरू ना होने पर भी विरोध जताया। तिलक वार्ड के पार्षद अब्दुल नफीस ने 48 आउटसोर्स कर्मचारियों की नियुक्ति पर हंगामा खड़ा कर दिया। उन्होंने कहा है कि नपा की वित्तीय स्थिति ठीक नहीं है। फिर आउठसोर्स कर्मचारियों को क्यों रखा गया। उस पर नपाध्यक्ष और सीएमओ ने समझाईश दी। जाकिर हुसैन वार्ड की पार्षद नंदनी तिवारी ने भी कामों को लेकर भाई-भतीजा वाद का मुद्दा उठाया।

### शहर के बड़े प्रोजेक्ट भी किए शामिल

इस बजट की खासियत है कि शहर के लिए कुछ बड़े प्रोजेक्ट भी शामिल किए गए हैं। बजट का वाचन नगरपालिका के राजस्व विभाग के सभापति तरूण ठाकरे ने पेश किया। उनके द्वारा पेश किए गए बजट में सर्वसुविधायुक्त क्रिकेट स्टेडियम निर्माण, चौपाटी का कायाकल्प, अभिनंदन सरोवर क्षेत्र में व्यवस्थित बाजार, सडक़ों के किनारे ठेला-गुमटी जोन विकसित करना और प्रमुख सडक़ों पर जल निकासी व्यवस्था मजबूत करने जैसे कार्य शामिल हैं। यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए आबकारी रोड से कर्बला घाट तक सडक़ चौड़ीकरण और पुल निर्माण की योजना भी प्रस्तावित की गई है। इसके साथ ही शहर के प्रमुख चौक-चौराहों के सौंदर्यीकरण का भी दावा किया गया है।

### मरम्मत और रंगरोगन पर खर्च होंगे 1 करोड़

शिक्षा सुविधाओं को लेकर भी बजट में प्रावधान किया गया है। नगर पालिका क्षेत्र के स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में मरम्मत, रंग-रोगन और पेयजल व्यवस्था के लिए करीब 1 करोड़ रुपए खर्च करने की बात कही गई है। सबसे बड़े प्रोजेक्ट के रूप में अमृत योजना के तहत पूरे शहर में सीवरेज नेटवर्क बिछाने का प्रस्ताव रखा गया है, जिसके लिए केंद्र सरकार से लगभग 121 करोड़ रुपए मिलने की उम्मीद जताई गई है। वहीं लंबे समय से विवादों में रहे कचरा डंपिंग ग्राउंड को शहर से बाहर शिफ्ट करने की योजना भी बजट में शामिल की गई है।

## खबर संक्षेप

### संदीपनि विद्यालय में प्रवेशोत्सव आज

**सोहागपुर।** नगर स्थित संदीपनि विद्यालय में आज नव शिक्षण सत्र का प्रवेशोत्सव होगा। विद्यालय प्राचार्य आरके दुबे ने बताया कि नवीश शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ के अवसर पर संदीपनि विद्यालय सोहागपुर में प्रवेश उत्सव का आयोजन विधायक ठाकुर विजयपाल सिंह के मुख्य आतिथ्य में होने जा रहा है। प्राचार्य दुबे ने कहा कि यह आयोजन 01 अप्रैल 2026 दिन बुधवार को सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा, जिसमें नव प्रवेशी विद्यार्थी, शिक्षक-शिक्षिकाएं, आमंत्रित अतिथिगण भी उपस्थित रहेंगे।

### दिव्यांगता प्रमाण पत्र की सत्यता की जांच जरूरी

**नर्मदापुरम।** मध्यप्रदेश शासन के सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने यूडीआईडी कार्ड और दिव्यांगता प्रमाण पत्र की सत्यता के अभिप्रमाणन के लिए निर्देश जारी किए हैं। तत्संबंध में कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने समस्त जिला प्रमुख नर्मदापुरम को निर्देश दिए है कि जिले में शासन की योजनाओं का लाभ देने से पहले दिव्यांगजनों के यूडीआईडी कार्ड और दिव्यांगता प्रमाण पत्र की सत्यता का सत्यापन अनिवार्य होगा। इसका मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों के हितों की रक्षा और लाभ वितरण में पारदर्शिता सुनिश्चित करना है।

## मूलभूत सुविधाओं से भी वंचित हो रहे वार्डवासी, जिम्मेदारों की अनदेखी बनी सबब

# ग्रामीण क्षेत्र में स्थित कान्हा सिटी कॉलोनी में बिजली की समस्या, लोग हो रहे परेशान

रेल लाइन की दूसरी ओर कान्हा सिटी निजी कॉलोनी है, जो ग्रामीण क्षेत्र में आती है। कालोनी में अब बिजली की समस्या गहराने लगी है। वार्डवासी समस्या का निदान कराने प्रशासन से लगातार गुहार लगा रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



नगर की दक्षिण दिशा में रेल लाइन की दूसरी ओर कान्हा सिटी निजी कॉलोनी है, जो ग्रामीण क्षेत्र में आती है। जहां गर्मी शुरू होते ही बिजली वितरण समस्या उत्पन्न हो गई है। मामले में कालोनीवासियों ने प्रेस नोट द्वारा समस्या समाधान की अपेक्षा बिजली कंपनी से की है।

कालोनीवासियों राजेश अग्रवाल, अधिवक्ता हरिहर सिंह राजपूत, रितुल रघुवंशी आदि ने प्रेसनोट के माध्यम से सूचित किया है कि मप्र विद्युत वितरण केंद्र सोहागपुर (ग्रामीण) द्वारा बिना पूर्व सूचना के 22 दिनों से प्रातः आठ बजे से शाम सात बजे तक बिजली कटौती की जा रही है। मनमर्जी से शाम सात बजे के बाद कभी भी बिजली कटौती की जा रही है। वर्तमान में गर्मी शुरू हो चुकी है, जिसके कारण छोटे बच्चे एवं बुजुर्ग बहुत परेशान हैं। नागरिकों के अनुसार नयागांव ग्राम पंचायत में झारखण्डी माता मंदिर से लगी कालोनी में कालोनाईजर्स द्वारा मूलभूत सुविधाएं ही रहवासियों के लिये मुहैया नहीं कराई गई हैं। कालोनाईजर्स ने नगर क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था ना करते हुए विद्युत विभाग अधिकारियों से सांठगांठ कर खेतों की विद्युत से कॉलोनी में दो डीपी लगवाईं तथा एक ही डीपी से कनेक्शन दिये गए हैं। कालोनी रहवासियों के अनुसार समीप स्थित अन्य कालोनी में भी इसी डीपी से कनेक्शन दिये गए हैं। एक ही डीपी पर अधिक लोड होने के कारण किसी भी दिन कोई भी अप्रिय घटित हो सकती है। कालोनीवासियों ने स्थानीय प्रशासन तथा बिजली कंपनी से अव्यवस्था दूर करने की मांग की है। ताकि ग्रीष्मकाल में नागरिक बिजली समस्या से पीड़ित ना हों।

### मिक्सड फीडर है कारण

मामले में हरिभूमि संवाददाता ने मंगलवार को बिजली कंपनी के स्थानीय कार्यालय से जानकारी ली। तो ज्ञात हुआ कि कान्हा सिटी कॉलोनी मिक्सड बिजली फीडर क्षेत्र में है। जिसमें कृषि व घरेलू कनेक्शन की लाइन है।

कान्हा सिटी के क्षेत्र में कृषि फीडर की डीपी है। अभी गेहूं की कटाई सीजन के कारण दिनभर बिजली गुल रखी जाती है, ताकि खड़ी फसल में आग ना लगे। बिजली कंपनी अधिकारियों के अनुसार कुछ दिन में समाधान हो जाएगा। वहीं कालोनी वासियों के अनुसार मात्र कान्हा सिटी के फीडर में बिजली काटी जा रही है। जबकि मुड़ियाखेड़ा तथा सोहागपुर क्षेत्र में भी गेहूं फसल वाले खेत हैं, जहां 24 घंटे बिजली दी जा रही है। इस भेदभाव का लोगों ने विरोध किया है।

**इनका कहना है**

कुऊ दिन की बात और- "कुछ दिन में गेहूं फसल कटाई पूर्ण हो सकती है। जिसके बाद कॉलोनी व आसपास के क्षेत्र में 24 घंटे लाइट दी जाएगी। मिक्स्ड फीडर के कारण समस्या हो रही है।"-

**एमएस धनगया, एई मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी, सोहागपुर।**

## कार चोरी करके फर्जी दस्तावेजों से बेचने पर सुनाई कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर के तृतीय अपर जिला न्यायालय के न्यायाधीश आदित्य रावत ने जालसाजी और धोखाधड़ी के एक मामले में कड़ा फैसला सुनाते हुए आरोपी मिथलेश मौर्य निवासी वाराणसी, यूपी को दोषी करार दिया है।

### अदालत का फैसला और सजा

न्यायालय ने आरोपी को दो अलग-अलग धाराओं में सजा सुनाई है। धारा 420 धोखाधड़ी में 4 वर्ष का कठोर कारावास और 5,000 रुपये जुर्माना। धारा 471 कूटरचित दस्तावेज में 2 वर्ष का कठोर कारावास और 2,000 रुपये जुर्माना। जुर्माना न भरने पर क्रमशः 3 माह और 2 माह की अतिरिक्त जेल भुगतनी होगी। आरोपी द्वारा जेल में बिताई गई 309 दिनों की अवधि को मुख्य सजा में समायोजित किया जाएगा।

### मामला क्या था?

सीनियर अपर लोक अभियोजक राजीव शुक्ला ने बताया कि आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर 14 फरवरी 2021 को फरियादी अमित आर्य की कार एमपी 05 सीए 6688 चोरी की थी। इसके बाद आरोपी ने कूटरचित (फर्जी) रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट का उपयोग कर फरियादी यशवंत को कार बेचकर छल किया था।

मामले में अभियोजन पक्ष ने 18 गवाहों के बयान और 32 दस्तावेजी सबूत पेश किए। पुलिस ने विवेचना के दौरान चोरी की गई कार बरामद कर ली थी। साक्ष्यों के अभाव में चार अन्य साथियों कलाम खान, मो. नौशाद, पाल चंद्र और शिवाजी को बरी कर दिया गया। सजा सुनाए जाने के बाद आरोपी मिथलेश मौर्य को जिला जेल नर्मदापुरम भेज दिया गया है।

### सुरों से सहेजा मानसिक स्वास्थ्य, 'साउंड थेरेपी' से विद्यार्थियों ने दूर किया तनाव

**इटारसी।** आधुनिक जीवनशैली में बढ़ती प्रतिस्पर्धा और पढ़ाई के दबाव के बीच विद्यार्थियों को मानसिक रूप से सुदृढ़ बनाने के लिए भगवान बिरसा मुंडा शासकीय महाविद्यालय सुखतवा ने एक अनूठी पहल की है। महाविद्यालय के मानसिक स्वास्थ्य क्लब एवं एनटीएफ के तत्वाधान में आयोजित साउंड थेरेपी वर्कशॉप के माध्यम से विद्यार्थियों को तनाव मुक्ति का मंत्र सिखाया गया। वर्कशॉप की मुख्य प्रशिक्षक श्रीमती रीता बवेजा ने ध्वनि विज्ञान के रहस्यों से छात्रों को परिचित कराया। उन्होंने बताया कि साउंड थेरेपी केवल संगीत नहीं, बल्कि एक उपचार पद्धति है। यह शरीर के भीतर चक्रों और ऊर्जा को संतुलित करती है।

## एग्रीस्टेक पोर्टल व नई वितरण प्रणाली का दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

कृषि विभाग द्वारा उर्वरक वितरण व्यवस्था को पारदर्शी और सुलभ बनाने के उद्देश्य से विकासखंड केसला में एग्रीस्टेक पोर्टल तथा ई-विकास प्रणाली का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। एसडीएम निलेश शर्मा, जनपद सीईओ सुमन खातरकर और नायब तहसीलदार हीरू कुमर की अध्यक्षता में इस कार्यक्रम में कृषि विभाग के मैदानी अमले को नई तकनीक से लैस किया गया।

### हर श्रेणी के किसान को मिलेगा लाभ

सहायक संचालक कृषि शैलेंद्र राठौर ने प्रशिक्षण में बताया कि एग्रीस्टेक पोर्टल पर पंजीकरण की प्रक्रिया बेहद समावेशी है। अब ई-टोकन के माध्यम से खाद प्राप्त करना आसान होगा। पोर्टल पर निम्न श्रेणियों के किसान पंजीयन करा सकेंगे। भूमिधारी एवं वन अधिकार पट्टा धारक किसान, ट्रस्ट पट्टा, सिकमी और संयुक्त खाताधारक किसान, शारीरिक रूप से अक्षम, वृद्ध किसान और ऐसे मृत किसान जिनका नामांतरण लंबित हैं।

### प्रशासनिक मुस्तैदी और मास्टर ट्रेनिंग

उप संचालक कृषि डॉक्टर रविकांत सिंह के अनुसार, यह प्रशिक्षण जिले के सभी विकासखंडों में चलाया जा रहा है ताकि खाद वितरण में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर के साथ वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, पटवारी, सचिव, रोजगार सहायक, सहकारी समितियों के प्रबंधक और डबल लॉक केंद्रों के गोदाम प्रभारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## थाना केसला का वार्षिक निरीक्षण, एसडीओपी ने जांचीं फाइलें, कर्मचारियों को दी जरूरी हिदायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से एसडीओपी इटारसी वीरेंद्र कुमार मिश्रा ने थाना केसला का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाने के रिकॉर्ड से लेकर पुलिस स्टाफ की समस्याओं तक का गहन अवलोकन किया।

### मालखाने की हुई जांच

एसडीओपी मिश्रा ने थाने के वार्षिक निरीक्षण के दौरान अपराध पंजी, मर्ग रजिस्टर और विभिन्न महत्वपूर्ण फाइलों की बारिकी से जांच की। उन्होंने लंबित अपराधों और शिकायतों की वर्तमान स्थिति को देखते हुए संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि इन प्रकरणों का निराकरण समय सीमा के भीतर और गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने थाने के मालखाने का भी निरीक्षण किया और वहां रखी सामग्री के रखरखाव व सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

### स्टाफ का बढ़ाया मनोबल

निरीक्षण के दौरान एसडीओपी ने केवल कागजी कार्रवाई ही नहीं देखी, बल्कि थाना परिसर का भ्रमण कर साफ-सफाई और बुनियादी सुविधाओं का निरीक्षण भी किया। उन्होंने थाने में उपस्थित पुलिस बल से सीधे संवाद किया और उनकी व्यक्तिगत व विभागीय समस्याओं के बारे में विस्तार से चर्चा की। मिश्रा ने उपस्थित पुलिस स्टाफ को बेहतर कार्यशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ आम जनता की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करना पुलिस की प्राथमिकता होनी चाहिए।

## विकास कार्यों की समीक्षा, केसला में विधायक ने ली खंड स्तरीय बैठक, दिए आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर मंगल भवन केसला में एक महत्वपूर्ण त्रैमासिक खंड स्तरीय विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। विधायक सिवनी मालवा प्रेमशंकर वमा की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में न केवल विभागों के कार्यों का लेखा-जोखा लिया, बल्कि सीधे जनता से संवाद कर उनकी समस्याओं का निराकरण भी किया। बैठक में क्षेत्र के प्रमुख जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी एक मंच पर नजर आए।

जनपद अध्यक्ष गंगाराम कलमे, उपाध्यक्ष अर्चना महतो, समस्त जनपद सदस्य और विभिन्न पंचायतों के सरपंच, एसडीएम इटारसी नीलेश शर्मा, जनपद सीईओ सुमन खातरकर एवं सभी विभागों के खंड स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

विधायक प्रेमशंकर वर्मा ने विभागवार योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पात्र हितग्राहियों तक शासन की जन-कल्याणकारी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने सहित पंचायती राज समन्वय के लिए सचिव और रोजगार सहायकों को ग्राम स्तर पर पारदर्शिता और सक्रियता से कार्य करने की हिदायत दी।

बैठक के साथ आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहा। विधायक ने उपस्थित ग्रामीणों और सरपंचों की बातों को धैर्यपूर्वक सुना। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य अंतिम छोर के व्यक्ति तक विकास को पहुंचाना है। जनसंवाद का उद्देश्य यही है कि प्रशासन और जनता के बीच की दूरी कम हो और समस्याओं का मौके पर ही समाधान निकाला जा सके। एसडीएम नीलेश शर्मा और सीईओ सुमन खातरकर ने विभागीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किए।

## एक्टिव भारत मंचः उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर क्षेत्र में समाजोत्थान एवं जनसेवा क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वालों का सम्मान समारोह गत दिवस सोहागपुर ब्लॉक के ग्राम ठीकरी में किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न सामाजिक को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर अंजनी पटेल, रणवीर सिंह पटेल, सुरेश पटेल, प्रहन्ना हर्णे, प्रांजल तिवारी, विशाल गोलानी, देवेंद्र पटेल, प्रांशु राणे, गोलू अग्रवाल, जालम सिंह पटेल, संतोष कुशवाहा एवं विक्रम सिंह रघुवंशी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान समाज के उन लोगों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया, जो वर्षों से निरंतर समाज सेवा में समर्पित हैं। घनश्याम पटेल को ब्लॉक अध्यक्ष एक्टिव भारत मंच घोषित किया गया। बताया गया कि यह मंच समाज में समरसता व जागरण का कार्य करता है। विशेष रूप से पिछले 50 वर्षों से बिना किसी अवरोध के निरंतर चल रही ₹राम फेरी एवं सीता-राम कीर्तन₹ को जीवंत बनाए रखने वाले श्रद्धालुओं का सम्मान किया गया, जो समाज में आध्यात्मिक चेतना का संचार कर रहे हैं।

बनखेड़ी में मां नर्मदा स्वच्छता में कार्यरत पर्यावरण सेवकों को भी सम्मानित किया गया, जो घाट सफाई व अवैध रेत उत्खनन पर रोक के लिए सतत प्रयासरत हैं। कार्यक्रम में ईशरपुर से यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्र को सम्मानित कर युवाओं को प्रेरणा दी गई। साथ ही समाज के पत्रकारों, भारतीय सेना में भर्ती हुई नीलम एवं अन्य समाजसेवियों को भी सम्मानित किया गया।

### कार्यक्रम में बोले वक्ता

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि ऐसे सम्मान समारोह समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और युवाओं को समाज सेवा एवं राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं। इस दौरान पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व नर्मदापुरम विधायक डॉ. सीताशरण शर्मा एवं समाजसेवी ईश्वर पटेल की गरिमामयी उपस्थिति रही।

अंत में क्षेत्र के सभी समाज के लोगों के साथ समरसता सहभोज का आयोजन भी किया गया। जिसमें सभी ने सामाजिक एकता और भाईचारे का संदेश दिया। आयोजकों ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी समाज हित में ऐसे आयोजनों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।

## पिपरिया में गौ शाला का केस सुप्रीम कोर्ट में पहुंचा, कोर्ट ने ख़ाली करने के दिए आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया


पिपरिया नगर पालिका परिषद क्षेत्र के सांडियारोडपर गौ शाला की भूमि जो मुख्य मार्ग पर ही लगी हुई है। जिसकी कीमत आज करोड़ों रुपए की है। जिस पर किराए दारों ने ही कब्जा किया हुआ था।

जिसका केस उच्च न्यायालय जबलपुर में लगातार चलता रहा है। किराएदारों का विवाद है। जो अभी सुप्रीम कोर्ट में किराए दार बल्लभ दास राठी ने दायर किया था। लेकिन सूत्रोंसे प्राप्त जानकारी अनुसार राठी को राहत नहीं मिली है। 5 फरवरी 2026 को उच्च न्यायालय जबलपुर ने निचली अदालत का फैसला पलटते हुए और गौ शाला के पक्ष में आदेश दिया था। जिसकी अपील बल्लभ दास राठी ने सुप्रीम कोर्ट में पेश की थी। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने 24 मार्च 2026को आदेश दिया है कि किराए दार बल्लभ दास राठी 25 सितंबर 2026 तक ज़मीन खाली कर कब्जा गौ शाला को सौंप दें। साथ ही 2 सप्ताह के अंदर शपथ पत्र दाखिल कर भरोसा दिलाया जावे।

कोर्ट ने माना कि किराए दार बल्लभ दास राठी ने किराया जमा नहीं किया है।और नियमों का पालन नहीं किया गया है। इस आधार पर परिसर खाली कराना ही सही माना है। गौ शाला प्रबंधन समिति ने अनेक बार नोटिस जारी किए गए हैं। इसके बाद भी कोई ध्यान नहीं दिया गया। निचली अदालत से पहले फैसला किराएदार के पक्ष में आदेश दिया था। इसके खिलाफ प्रबंधन ने उच्च न्यायालय जबलपुर में अपील दाखिल की थी तो निचली अदालत का फैसला उच्च न्यायालय ने पलट दिया गया था। अब कोई समाधान नहीं बचा है। शेष किराएदार ने शायद अपने पक्ष में रजिस्ट्री कराई गई थी। इस विषय में राठी 25सितंबर 2026 तक शपथ पत्र लिखकर देने का आस्वासन दे रहे हैं।

## शहर में श्री हनुमान जयंती पर होगा भंडारा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



श्री हनुमान प्रकटोत्सव पर दो अप्रैल 2026 को नगर के वरिष्ठ नागरिक समाजसेवी कन्नूलाल अग्रवाल द्वारा जमनी सरोवर स्थित श्री हनुमान मंदिर में भंडारा आयोजन किया जाएगा। कन्नूलाल अग्रवाल के पुत्रों मोंटू अग्रवाल और गोलू ने बताया कि दो अप्रैल गुरुवार प्रातः नौ बजे से 11 बजे तक मंदिर में महंत गुलशन महाराज के सानिध्य में पूजन, हवन एवं आरती की जाएगी। इसके उपरांत भंडारा आयोजन किया जाएगा। आयोजन में प्रसादी प्राप्ति के लिये अग्रवाल परिवार ने क्षेत्र के धर्मप्रेमियों को आमंत्रित किया है।

### भक्तों ने किए शिव-पार्वती के दर्शन

## तिलक सिंदूर में उमड़ा आस्था का सैलाब आदिवासी संस्कृति की दिखी अनुपम छटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



सुप्रसिद्ध तीर्थ स्थल तिलक सिंदूर श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बना हुआ है। भगवान भोलेनाथ के दर्शन और अपनी मनोकामनाएं लेकर जिले सहित दूर-दराज के क्षेत्रों से हजारों भक्त यहां पहुंच रहे हैं। मंगलवार को पथरोटा थाना की नवागत प्रभारी मोनिका गौर ने मंदिर पहुंचकर भगवान शिव की पूजा-अर्चना की और व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

### ज्वारे विसर्जन की परंपरा


तिलक सिंदूर मंदिर समिति के सदस्य विनोद वारिवा ने बताया कि यहां की परंपरा अत्यंत प्राचीन और अनूठी है। नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा और शाहपुर जैसे क्षेत्रों से आने वाले श्रद्धालु अपनी कुलदेवी और देवताओं को हंस गंगा नदी में स्नान कराते हैं।

### भौगोलिक संदर्भ

**भक्ति की रात :** रात भर ढोलक, टिमकी और मंजीरों की थाप पर लोकगीत गाए जाते हैं और श्रद्धालु झूमते हुए अपनी आस्था प्रकट करते हैं।

**अंतिम विदाई :** सुबह उगते सूरज के साथ बाबा को जल अर्पित किया जाता है और बांस की टोकरियों में रखे ज्वारों का विधि-विधान से विसर्जन किया जाता है।

### अर्जुन बने विमुक्त घुमक्कड़ जनजाति विभाग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष



**इटारसी।** जिला कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस विमुक्त घुमक्कड़ जनजाति विभाग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष पद पर अर्जुन कुचबंदिया को मनोनीत किया। जिला कांग्रेस कार्यालय मे जिलाध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय की उपस्थित मे नवनियुक्त जिला अध्यक्ष अर्जुन कुचबंदिया का स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नगर कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं इंटक के जिला अध्यक्ष शेख रमजान, जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल रैकवार, राजेन्द्र गोस्वामी सहित अन्य कांग्रेस जन उपस्थित थे।

## प्रमुख मार्गों से निकली भगवान महावीर स्वामी की शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



नगर पालिका परिषद क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भी भव्य शोभायात्रा निकाली गई अभिषेक भजन संध्या के साथ जियो और जीने दो के संदेश से वातावरण गुंजायमान रहा। प्रातः काल समय और अहिंसा की अनुपम आभा में नगर सराबोर हो उठा। जैन समाज द्वारा जैन धर्म के 24वे तीर्थंकर भगवान महावीर का जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया गया। मंदिरों में भीड़ उमड़ पड़ी जैन श्रावक ने अभिषेक करते हुए पूजन किया गया।

प्रमुख मार्गों से शोभायात्रा निकाली गई। झांकियां भी निकाली गई। सभी के द्वारा शोभायात्रा का स्वागत सम्मानित किया गया। भगवान महावीर के उपदेश अहिंसा परमो धर्म की बात कही गई।इस अवसर पर सकल जैन समाज के महिलाओं पुरुषों ने भाग लिया पालकी भगवान महावीर को बिठाकर लोगों को दर्शन कराए गए। सभी प्रमुख मार्गों से शोभायात्रा निकाली गई।

## खबर संक्षेप

### जागरुकता रथ व पोस्टर के माध्यम से किसानों को कर रहे जागरुक

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार कृषि विभाग द्वारा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को नरवाई प्रबंधन के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसके लिए कृषि विभाग द्वारा जागरूकता रथ संचालित किया जा रहा है, जिसमें लगे लाउडस्पीकर के माध्यम से किसानों को नरवाई जलाने से होने वाले नुकसानों और नरवाई प्रबंधन के वैकल्पिक उपायों के बारे में जानकारी दी जा रही है। किसानों को समझाइश दी जा रही है कि वे नरवाई को जलाने के बजाय वैज्ञानिक तरीकों से उसका प्रबंधन करें, जिससे भूमि की उर्वरता बनी रहे, पर्यावरण प्रदूषण से बचाव हो और कृषि उत्पादन भी अधिक हो।

### कार-बाइक टक्कर में दो युवकों की मौत

**बुधनी।** थाना क्षेत्र में रविवार रात करीब 8:15 बजे हुए भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। कार और बाइक की आमने-सामने टक्कर इतनी जोरदार थी कि एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक जितेंद्र (21) पिता रामचंद्र, निवासी ग्राम सलेया भज्जू थाना नर्मदापुरम तथा उसका साथी कावेंद्र (20) पिता भूपतलाल, निवासी ग्राम पिपरिया थाना शाहपुर जिला डिंडोरी, वर्तमान में बुधनी के पास पीलीकरार क्षेत्र में रहकर मजदूरी का कार्य करते थे रविवार शाम दोनों बाइक से बुधनी आ रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, तेज रफ्तार कार ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे कार बाइक सवारों को घसीटते हुए सड़क से नीचे जा गिरी हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई स्थानीय लोगों ने किसी तरह दोनों युवकों को बाहर निकालकर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को एम्बुलेंस से अस्पताल भिजवाया, जहां एक युवक को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया गंभीर रूप से घायल दूसरे युवक को नर्मदापुरम जिला चिकित्सालय रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार और बाइक को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है इस मामले में कार चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। बताया जा रहा है कि दोनों युवक वर्धमान फेब्रिक्स में मजदूरी करते थे और पीलीकरार क्षेत्र में किराए के मकान में रहते थे।

### घर के बुजुर्ग सबसे बड़ी पूंजी हैं : पं. पाठक

**सीहोर।** आज के युग में घर के बुजुर्ग सबसे बड़ी पूंजी हैं। वे हम सबको रास्ता दिखाते हैं। बुजुर्ग समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनके पास अनुभव, संस्कार, ज्ञान होता है। उनका सम्मान सामाजिक दायित्व है। भारतीय संस्कृति की नींव है। यह बात कथा व्यास पंडित मोहितराम पाठक ने कही। रविवार को माधव महाकाल आरोग्य आश्रम परिवार ने संत श्री श्री 1008 पंडित दुर्गा प्रसाद कटारे बाबा के आशीर्वाद से 51 वरिष्ठों का सम्मान किया।

### अधिकारियों ने जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की समस्याएं

# किसान ने की खेत के टूटे हुए विद्युत खंबों को सुधारने की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजली जोसेफ जोनाथन ने मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय एवं रजनी वर्मा, हरदा एसडीएम अशोक डहेरिया, एसडीएम खिरकिया शिवांगी बघेल, टिमरनी एसडीएम संजीव नागू सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।

जनसुनवाई में ग्राम चारखेड़ा निवासी रामविलास आजने ने आवेदन देकर खेत के टूटे हुए विद्युत खम्बों को सुधारने की मांग की, जिस पर महाप्रबंधक विद्युत वितरण कम्पनी को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये। ग्राम बैड़ी निवासी गीताबाई ने आवेदन देकर अपनी भूमि पर गेहूँ की फसन न काटने देने के संबंध में शिकायत की, जिस पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व हरदा को मामले की जांच कर आवेदिका की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये। जनसुनवाई में ग्राम नयापुरा निवासी रामभरोस ने अपनी कृषि भूमि का सीमांकन कराने हेतु आवेदन दिया, जिस पर तहसीलदार हंडिया को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये।

जनसुनवाई में ग्राम झाड़बीड़ा निवासी सुकमनी बाई व शांताबाई ने आवेदन देकर प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग की, जिस पर जनपद पंचायत सीईओ को आवेदिकाओं की पात्रता अनुसार लाभ दिलाने हेतु निर्देशित किया गया। ग्राम पानतलाई निवासी कमलेश लोंगरे ने साफ-सफाई व चौकीदारी का वेतन प्राप्त न होने के संबंध में शिकायत की, जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी को मामले की जांच कर आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये।

### संभागायुक्त ने कलेक्ट्रेट की शाखाओं का निरीक्षण किया

**हरदा।** संभागायुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय का निरीक्षण कर ई-ऑफिस प्रणाली के संचालन, स्थापना शाखा, एसी शाखा, एनआईसी, अधीक्षक कार्यालय, कलेक्टर न्यायालय की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने ई-ऑफिस प्रणाली में आवक-जावक प्रक्रिया का निरीक्षण करते हुए संबंधित कर्मचारियों की दक्षता परखी। उन्होने निर्देशित किया कि सभी फाईलें ई-ऑफिस के माध्यम से ही प्रेषित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि संपूर्ण कलेक्ट्रेट की आवक-जावक प्रक्रिया सेंट्रलाइज्ड हो तथा पत्र मार्किंग के लिए कलेक्टर और अपर कलेक्टर ही दो स्तर निर्धारित रहें। साथ ही कहा कि कोई भी पत्र लंबित न रहे, प्राप्त होने वाली शिकायतों व पत्रों का शीघ्रता से निराकरण किया जाए। संबंधित शाखा प्रभारी समय-समय पर निरीक्षण सुनिश्चित करें। संभागायुक्त ने स्थापना शाखा का निरीक्षण करते हुए कर्मचारियों के समयमान वेतनमान, विभागीय जांच, न्यायालयीन प्रकरण, स्वेच्छानुदान, सेवा पुस्तिका एवं हिट-एंड-रन प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने कलेक्टर न्यायालय के निरीक्षण के दौरान निर्देशित किया कि न्यायालयीन प्रकरणों की निरन्तर समीक्षा कर गंभीरतापूर्वक निराकरण कराएं। जवाब दावे समय पर प्रस्तुत किए जाएं। उन्होने निरीक्षण के दौरान निर्देशित किया कि सभी अभिलेख अद्यतन स्थिति में रहें, यह सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ अंजली जोसेफ जोनाथन, अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# बढ़ती महंगाई के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन



**हरदा।** मंगलवार को कांग्रेस ने देश में बढ़ती महंगाई के विरोध में प्रदर्शन किया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद व्यास गैस सिलेंडर लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने गैस, बिजली और पेट्रोलियम पदार्थों की मूल्यवृद्धि कम करने की मांग को लेकर नारेबाजी की।

प्रदर्शन में लगभग डेढ़ दर्जन कांग्रेसी शामिल हुए, जिन्होंने कलेक्ट्रेट के सामने विरोध जताया। उन्होंने राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन एसडीएम अशोक कुमार डेहरिया को सौंपा। प्रशासन ने प्रदर्शन को लेकर सख्ती बरती; कलेक्ट्रेट के मुख्य गेट पर पुलिस ने बैरिकेड लगाए थे और एसडीएम ने मुख्य गेट के बाहर ही ज्ञापन स्वीकार किया। जिलाध्यक्ष मोहन साई ने कहा कि भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों और अपरिपक्वता के कारण आमजन पहले से ही महंगाई से प्रभावित हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार द्वारा गैस सिलेंडर के मूल्यों में वृद्धि और राज्य सरकार द्वारा बिजली दरों में बढ़ोतरी ने जनता का जीवन मुश्किल कर दिया है। पूर्व नपाध्यक्ष हेमंत टाले ने भाजपा सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि उनकी अपरिपक्व नीतियों ने आम जनता का जीवन कठिन बना दिया है। उन्होंने बताया कि 1 अप्रैल से बिजली दरों में होने वाली वृद्धि और गैस सिलेंडरों की किल्लत ने रसोई का बजट बिगाड़ दिया है।

### प्रवेश उत्सव की तैयारियां जोरों पर



**झिरन्या।** अंचल की शैक्षणिक संस्थाओं में नवीन-सत्र में छात्र-छात्राओं के प्रवेश उत्सव की तैयारियां जोरों पर है। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में तैयारियों में जुटी शिक्षिकाएं।

## 150 वर्षों की आस्था, 50 वर्षों की परंपरा: गोलापुरा राम मंदिर में मनेगा हनुमान जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

शहर के गोलापुरा स्थित प्राचीन श्री राम मंदिर में भक्ति, आस्था और सनातन परंपरा के भव्य संगम का साक्षी बनेगा। लगभग 150 वर्षों की ऐतिहासिक विरासत को संजोए यह मंदिर क्षेत्र की धार्मिक पहचान का प्रमुख केंद्र है, जहां बीते करीब 50 वर्षों से निरंतर श्री दास हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। पंडित उत्तम तेंगुरिया ने बताया कि गोलापुरा का श्री राम मंदिर हरदा की धार्मिक धरोहरों में विशेष स्थान रखता है।

लगभग डेढ़ शताब्दी पूर्व स्थापित यह मंदिर न केवल आस्था का केंद्र है, बल्कि पीढ़ियों से चली आ रही भक्ति परंपराओं का जीवंत उदाहरण भी है। यहां आयोजित होने वाला हनुमान जन्मोत्सव पिछले 50 वर्षों से निरंतर श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया जा रहा है, जिसमें हर वर्ष हजारों श्रद्धालु भाग लेते हैं। इस वर्ष भी यह दिव्य आयोजन 1 और 2 अप्रैल तक अत्यंत भव्यता के साथ आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत 1 अप्रैल, बुधवार को प्रातः 10 बजे से 24 घंटे के अखंड राम नाम कीर्तन के साथ होगी। साथ ही नर्मदा जल से श्री हनुमान जी का अखंड अभिषेक भी पूरे 24 घंटे तक चलता रहेगा। रात्रि 8 बजे सुंदरकांड पाठ एवं रात्रि 2 बजे हवन का आयोजन किया जाएगा। 2 अप्रैल, गुरुवार को प्रातः 6 बजे जन्म आरती के साथ उत्सव अपने चरम पर पहुंचेगा। इसके



पश्चात प्रभात फेरी कीर्तन निकाली जाएगी, जिसमें श्रद्धालु भक्ति रस में लीन होकर नगर भ्रमण करेंगे। दिनभर पूजन-अर्चना का क्रम जारी रहेगा, वहीं सायं 6 बजे विशेष श्रृंगार, 7 बजे महाआरती एवं महाप्रसादी वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। समिति द्वारा एक विशेष धार्मिक पहल के अंतर्गत, जो भी श्रद्धालु एक राम नाम की माला एवं एक हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे, उन्हें पंचमुखी रुद्राक्ष कवच आशीर्वाद स्वरूप प्रदान किया जाएगा।

## 'सामूहिकता के साथ समग्र जन आंदोलन से ही पर्यावरण संतुलन संभव'






हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

पर्यावरण असंतुलन एक वैश्विक समस्या है, हमें अपनी सामुहिक जिम्मेदारी समझते हुए इस समस्या के प्रमुख बिंदुओं पर कार्य करना होगा। इस दिशा में हरदा एवं आसपास के क्षेत्र में गौरीशंकर मुकाती के नेतृत्व में रूपई ग्रुप द्वारा किये गये कार्य अनुकरणीय है। उसे राष्ट्रीय नीति निर्धारकों एवं शासकीय स्तर पर नीतिगत परिवर्तन कर शासन द्वारा अपनाये जाने की ज़रूरत है। इस प्रयास में प्रबोधनी अपनी और से प्रयास करने हेतु प्रतिबद्ध है। रूपाई ग्रुप द्वारा किये जा रहे कार्य कृषि, वन एवं पर्यावरण मंत्रालय तीनो को लिंक करते हुए नीति निर्धारण करना उचित रहेगा। यह उदगार व्यक्त करते हुये विनय सहस्त्रबुद्धे ने अपनी बात कही। प्रान्त संयोजक पर्यावरण संरक्षण शिवशंकर ने पर्यावरण को अपनी दैनिक आदतों में बदलाव कर संरक्षण की बात कही।

रिटायर्ड प्रधान मुख्य वन संरक्षक डॉ यू के सुबुद्धि ने बाँस के उत्पादन एवं विपणन सम्बंधित उपायों पर बल देते हुये किस प्रकार बॉस द्वारा अत्यधिक आमदनी की जा सकती है उन योजनाओं की जानकारी देते हुये, कृषकों को लाभान्वित होने को कहा। साथ ही सागौन की विशिष्ट प्रजाति के सम्बंध में जानकारी दी। इकोवेदा क्लाईमेट की फाउंडर डॉ जीशा ने कार्बन क्रेडिट क्या है और कैसे अर्जित करें विषय पर विस्तृत जानकारी देते हुये। शासन की विभिन्न योजनाओं को लिंक करने की बात पर बल दिया। अपने स्वागत उदबोधन के साथ रूपई एग्रिफॉरेस्ट द्वारा किये जा रहे कार्यों की परियोजना प्रणाली समझाते हुये, पॉवर पॉइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से ,परियोजना क्षेत्र से आये विस्तारक , प्रेरक रोपण प्रमुख,फील्ड ऑफिसर एवं ऑफिस स्टाफ द्वारा विस्तार से समझाया। मिशन लाइफ में वनवासी अंचलों में मिलेट के उत्पादन एवं विपणन से रूपई द्वारा संचालित आदान-प्रदान योजना को वनवासी बहनों द्वारा समझाया गया एवं अतिथियों को अपने मिलेट उत्पाद प्रदान किये। कार्यक्रम में रूपई की विभिन्न योजनाओं नदी बचाओ समृध्दि लाओ₹ पर लाभान्वित कृषक शंकरलाल पटेल एवं साथियों ने, किसानों की भी होगी भविष्य निधि पर रामकृष्ण जी दुगाया ने एवं विस्तारक-बलवीर सिंह, प्रेरक-सरिता, सुषमा एवं साथी ,फील्ड ऑफीसर -संदीप मालवीय एवं साथी, ऑफिस डेटा- हरिओम, अनामिका एवं साथियों ने अपने वक्तव्य से प्रजेंटेशन किया। कार्यक्रम का सफल संचालन ज्ञानेश चौबे एवं आभार अंशुल दुगाया ने किया।

## ओले गिरने से मूंग और अरबी की फसल बर्बाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या

क्षेत्र के ग्राम दैवित बुजुर्ग, खारवा, बेड़ानिया और अगास्या के आसपास के क्षेत्रों में ओले गिरने से मूंग और अरबी की फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है।

इन फसलों के पौधे जमीन पर गिरने और तने एवं पत्तियां टूटने से फासलें बर्बाद हो गई हैं। किसान सुरेंद्रसिंह सोलंकी, रेखाबाई सोलंकी और अमनसिंह राजपूत ने बताया कि उनकी 16 एकड़ जमीन की फसलों को नुकसान पहुंचा है। इसी तरह खारवा के सजन नायक की करब 4 एकड़



में बोई गई मूंग की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई है। शिवना और खोई के आसपास भी ओले गिरे, जो छोटे आकार के थे, जिससे फसलों के नुकसान की कोई जानकारी नहीं मिली है। तहसीलदार खेमसिंह चौहान ने बताया कि जिन क्षेत्रों में फसलों के नुकसान की जानकारी मिली है, वहां मौका निरीक्षण के लिए पटवारियों को निर्देश दिए गए हैं। सोमवार रात को भी कस्बे सहित आसपास के क्षेत्रों में बारिश हुई, जिससे मौसम में ठंडक घुल गई।

### खाद्य विभाग के अधिकारी कर रहे पेट्रोल पंपों व गैस एजेंसियों का निरीक्षण

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी गैस सिलेंडरों की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने और गैस सिलेंडरों के व्यवसायिक उपयोग को रोकने के उद्देश्य से खाद एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारियों द्वारा जिले के पेट्रोल पंपों, गैस एजेंसियों के गोदामों, होटलों एवं अन्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया जा रहा है। बुधनी सहायक आपूर्ति अधिकारी प्रकाश यादव द्वारा बुधनी स्थित 02 गैस एजेंसियों एवं 03 पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी पेट्रोल पंपों पर पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल एवं डीजल उपलब्ध पाया गया। इसके साथ ही बुधनी, बकतरा एवं शाहगंज स्थित 12 होटलों एवं रेस्टोरेंट का निरीक्षण किया।

### जवानों की टर्नआउट, अनुशासन एवं दक्षता का किया अवलोकन

# डीआईजी ने किया वार्षिक निरीक्षण, उत्कृष्ट परेड करने वाले पुलिसकर्मी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) नर्मदापुरम रेंज, प्रशांत खरें द्वारा जिला हरदा का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण की शुरुआत प्रातः रक्षित केन्द्र, हरदा से की गई, जहां डीआईजी द्वारा परेड की सलामी ली गई तथा जवानों की टर्नआउट, अनुशासन एवं दक्षता का सूक्ष्म अवलोकन किया गया।

इस दौरान उत्कृष्ट टर्नआउट एवं बेहतर परेड प्रदर्शन करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों को प्रोत्साहन स्वरूप उचित ईनाम प्रदान किया गया। इसके पश्चात रक्षित केन्द्र कार्यालय का निरीक्षण करते हुए विभिन्न रजिस्टरों एवं अभिलेखों की गहन जांच की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एम.टी. शाखा का निरीक्षण करते हुए उपलब्ध शासकीय वाहनों की स्थिति, रख-रखाव एवं उपयोगिता की जानकारी ली गई तथा संबंधित अधिकारियों को वाहन संधारण बेहतर रखने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान रक्षित केन्द्र, हरदा में डीआईजी महोदय द्वारा दरबार का आयोजन भी किया गया, जिसमे पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों एवं उनके परिजनों ने भाग लिया। दरबार में पुलिसकर्मियों द्वारा अपनी समस्याएं एवं सुझाव प्रस्तुत किए गए, जिनका डीआईजी महोदय द्वारा गंभीरतापूर्वक संज्ञान लेते हुए मौके पर ही निराकरण किया गया तथा शेष समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक शशांक एवं अति.



पुलिस अधीक्षक अमित कुमार मिश्रा एवं अन्य राजपत्रित अधिकारी भी उपस्थित रहे।

इसके उपरांत डीआईजी द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय, हरदा एवं एसडीओपी कार्यालय का निरीक्षण किया गया। जहां कार्यालयीन व्यवस्थाओं, रिकॉर्ड संधारण एवं कार्यप्रणाली का अवलोकन कर आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। अंत में थाना सिविल लाइन, हरदा का वार्षिक निरीक्षण किया गया, जिसमें थाना परिसर, अभिलेखों, मालखाना, हवालात एवं अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण कर थाना प्रभारी रामसुमेर तिवारी को आवश्यक सुधार हेतु दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान डीआईजी ने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन एवं जनता के प्रति संवेदनशीलता के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित किया तथा कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए।

# धूमधाम से मनाया भगवान महावीर स्वामी का जन्मकल्याणक महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ खिरकिया

अहिंसा के अवतार वर्तमान शासन नायक भगवान महावीर स्वामी का जन्मकल्याणक महोत्सव मंगलवार को नगर में पूरी श्रद्धा, भक्ति और अपार उत्साह के साथ मनाया गया। श्री श्वेतांबर जैन नवयुवक मंडल, खिरकिया के तत्वावधान में आयोजित इस गरिमामय महोत्सव में सुबह से ही विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों की धूम रही।



महोत्सव का शुभारंभ सुबह 7 बजे 'भगवान महावीर पंच कल्याणक पूजन' के साथ हुआ, जिसमें श्रावक-श्राविकाओं ने प्रभु की भक्ति में लीन होकर मंत्रोच्चार के साथ पूजा संपन्न की। इसके पश्चात सुबह 8 बजे जैन मांगलिक भवन में जन्मकल्याणक वाचन का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। सामयिक एवं संवर के साथ जन्मकल्याणक का वाचन हुआ जैसे ही प्रभु के जन्म वाचन का प्रसंग आया और उसका दृष्टांत सुनाया गया, उपस्थित जनसमूह भाव-विभोर हो उठा। पूरा हॉल ₹त्रिशला नंदन वीर की, जय बोलो महावीर कीर₹ के गगनभेदी जयघोष से गुंजायमान हो उठा। श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर था और चारों ओर भगवान महावीर के नारों की गूँज सुनाई दे रही थी। इस अवसर पर जन्मकल्याण स्तवन भी हुए प्रभावना का वितरण भी किया गया। प्रातः 9:30 बजे स्थानीय मंदिर जी से एक भव्य वरघोड़ा निकाला गया। गाजे-बाजे के साथ निकला यह चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गों और मंडी क्षेत्र से होता हुआ मांगलिक भवन पहुँचा। वरघोड़े में श्रावक सफेद वस्त्र एवं श्राविकाएं केसरिया वस्त्र धारण कर प्रभु के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। जैन श्वेतांबर मांगलिक भवन में सामूहिक 'स्वामीवात्सल्य' (सहभोज) का आयोजन किया गया। संघ पूजन भी किया गया दिनभर के का इस कार्यक्रम में संभव भंडारी एवं दल (मंदसौर-दीपाखेड़ा) द्वारा भजनों की शानदार प्रस्तुति दी।